भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2333
उत्तर देने की तारीख 18.12.2023

पांडुलिपि संसाधन केन्द्र और पांडुलिपि संरक्षण केन्द्र

2333. **श्री मनोज कोटक :**
श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 2023 में राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन की शुरुआत से लेकर देश भर में अब तक स्थापित किए गए पांडुलिपि संसाधन केन्द्रों (एमआरसी) और पांडुलिपि संरक्षण केन्द्रों (एमसीसी) का राज्य/वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन एमआरसी और एमसीसी द्वारा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए की गई विस्तृत समीक्षा क्या है; और

(ग) एमआरसी और एमसीसी के लिए प्रस्तावित विस्तृत रूपरेखा क्या है?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(जी. किशन रेड्डी)

(क): वर्ष 2003 में राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन (एनएमएम) के आरंभ के समय से पूरे देश में पांडुलिपि संसाधन केन्द्रों (एमआरसी) और पांडुलिपि संरक्षण केन्द्रों (एमसीसी) की कुल संख्या 187 है। सभी सक्रिय एमआरसी और एमसीसी की राज्य-वार सूची **अनुलग्नक-क** पर दी गई है।

(ख): एनएमएम ने देश भर में एमआरसी की सहायता से 52 लाख पांडुलिपियों को प्रलेखित किया है और एमसीसी की सहायता से पांडुलिपियों के 09 करोड़ फोलियो का संरक्षण किया है। इसके अतिरिक्त, एनएमएम ने देश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के भाग के रूप में पांडुलिपियों के 3.5 करोड़ पृष्ठों को डिजिटीकृत किया है।

(ग): एमआरसी और एमसीसी के लिए प्रस्तावित विस्तृत रूपरेखा निम्नलिखित है:-

i. एनएमएम द्वारा 25 एमआरसी और 25 एमसीसी खोले जाएंगे।

ii. एमआरसी के माध्यम से, एनएमएम लगभग 5 लाख पांडुलिपियों को प्रलेखित करेगा।

iii. एमआरसी के माध्यम से, एनएमएम 50 लाख फोलियो को संरक्षित करेगा।

iv. एमआरसी के माध्यम से, एनएमएम 64 कलाओं से संबंधित कुछ दुर्लभ और अप्रकाशित पांडुलिपियों की पहचान करेगा और लिप्यंतरण कार्य के पश्चात एनएमएम इन्हें प्रकाशित करेगा।

v. ऐसी हजारों पांडुलिपियां हैं जिनके सूची पत्र मौजूद नहीं हैं। एनएमएम की योजना ऐसी पांडुलिपियों के सूची पत्र तैयार करने की है।

*****

अनुलग्नक-क

'पांडुलिपि संसाधन केन्द्र और पांडुलिपि संरक्षण केन्द्र' के संबंध में दिनांक 18 दिसम्बर, 2023 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2333 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

राज्य-वार क्षेत्र सूची		
क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	केन्द्र
1.	गुजरात	2
2.	मध्य प्रदेश	1
3.	महाराष्ट्र	3
4.	राजस्थान	4
5.	हरियाणा	1
6.	जम्मू और कश्मीर	3
7.	हिमाचल प्रदेश	2
8.	लद्दाख	1
9	पंजाब	1
10.	उत्तराखंड	2
11.	आंध्र प्रदेश	1
12.	कर्नाटक	5
13.	केरल	4
14.	तमिलनाडु	3
15.	तेलंगाना	1
16.	असम	4
17.	मणिपुर	1
18.	सिक्किम	1
19.	त्रिपुरा	1
20.	बिहार	7
21	ओडिशा	2
22.	उत्तर प्रदेश	6
23.	पश्चिम बंगाल	4

*****